बिहार सरकार,

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(आपदा प्रबंधन विभाग)
पंत भवन, द्वितीय तल, पटना–1

निबंध एवं नारा लेखन प्रतियोगिता– 2015 संबंधी सूचना

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की स्थापना दिनांक 6 नवम्बर 2007 को हुई थी। प्रत्येक वर्ष इस दिवस को प्राधिकरण द्वारा स्थापना (आपदा मित्र) दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय निबंध एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन आपदा जोखिम न्यूनीकरण (आपदा एवं होने वाले क्षति को कम करने) एवं बिहार राज्य के नागरिकों के बीच जन–जागरूकता के व्यापक प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस के अवसर पर विजेता छात्र–छात्राओं/चयनित नागरिकों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाता है, ताकि विद्यालयों/महाविद्यालयों तथा जन–साधारण में आपदा मित्र की भावना को बढ़ावा मिल सके।

1. कक्षा 6–8 के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी में आयोजित निबंध प्रतियोगिता हेतु शीर्षक (शब्द सीमाः 1000–1500)–

   (1). सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा

इस श्रेणी में तीन पुरस्कार निम्न प्रकार दिये जायेंगे–

भाषा	प्रथम पुरस्कार	द्वितीय पुरस्कार	तृतीय पुरस्कार
हिन्दी	7,000	6,000	5,000

2. कक्षा 9–12 के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का शीर्षक (शब्द सीमाः 1500–2000)

   (1). सावधानी हटी, दुर्घटना घटी, किसी परिवार की दुनिया मिटी

इस श्रेणी में तीन पुरस्कार निम्न प्रकार दिये जायेंगे–

भाषा	प्रथम पुरस्कार	द्वितीय पुरस्कार	तृतीय पुरस्कार
हिन्दी	7,000	6,000	5,000

3. सामान्य नागरिकों के लिए हिन्दी निबंध हेतु शीर्षक (शब्द सीमाः 2500–3000)–

   1. "सड़क सुरक्षा का पालन करें नियम, आवश्यकता है सड़कों पर संयम"

इस श्रेणी में तीन पुरस्कार निम्न प्रकार दिये जायेंगे–

भाषा	प्रथम पुरस्कार	द्वितीय पुरस्कार	तृतीय पुरस्कार
हिन्दी	15,000	10,000	5,000

4. "सड़क सुरक्षा" विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता (अधिकतम 15 शब्दों में) सभी नागरिकों के लिए समान रूप से लागू–

इस खण्ड में पाँच पुरस्कार निम्न प्रकार दिये जायेंगे –

भाषा	प्रथम पुरस्कार	द्वितीय पुरस्कार	तृतीय पुरस्कार	चतुर्थ पुरस्कार	पंचम पुरस्कार
हिन्दी	7,000	6,000	5,000	4,000	3,000

5. प्रतियोगिता के लिए शर्तें एवं अन्य नियम–

(i) **प्रविष्टियाँ हिन्दी में हस्तलिखित होंगी। कम्प्यूटर द्वारा या अन्यथा टाईप की गयी प्रविष्टियाँ मान्य नहीं होंगी ।**

(ii) निबंध अथवा नारा लेखन मौलिक विचारों को दर्शाने वाला होना चाहिए ।

(iii) निबंध प्रत्येक पृष्ट के एक ही तरफ हस्तलिखित होना चाहिए । दोनों तरफ लिखित प्रविष्टियाँ अमान्य कर दी जायेगी । प्रत्येक **पृष्ट पर हाशिए छोड़कर लिखा जाना आवश्यक होगा ।**

(iv) व्याकरण की अशुद्धियों पर अंक की कटौती एवं मौलिक रचना को प्राथमिकता दी जायेगी ।

(v) किसी भी परिस्थिति में निबंध अथवा नारा लेखन की प्रविष्टि पर प्रतियोगी का नाम अथवा पता इत्यादि नहीं लिखा होना चाहिए अन्यथा प्रविष्टियाँ अयोग्य घोषित कर दी जायेंगी ।

(vi) सभी प्रविष्टियों के साथ अलग लिफाफे में प्रतियोगी का नाम, पिता अथवा माता का नाम (विद्यार्थियों के मामले में विद्यालय का नाम एवं कक्षा), पूरा पता स्पष्ट रूप से हिन्दी अथवा अंग्रेजी में बड़े अक्षरों में (Block Letters) अंकित होना चाहिए । **टेलीफोन/ मोबाईल/ ई–मेल पता भी आवश्यक रूप से स्पष्ट लिखा होना चाहिए** । इसके अभाव में प्रविष्टियों को अयोग्य माना जायेगा ।

(vii) नियत तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(viii) इस प्रतियोगिता में प्राधिकरण के पदाधिकारी/ कर्मचारी न तो स्वयं और न ही उनके अपने परिवार के सदस्य भाग ले सकेंगे ।

(ix) सभी प्रविष्टियाँ प्राधिकरण की सम्पत्ति होंगी जिन्हें लौटाया नहीं जायेगा और न ही इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार्य होगा।

(x) प्राधिकरण द्वारा गठित चयन समिति निबंध एवं नारा लेखन के पुरस्कार विजेताओं का चयन करेगी तथा समिति का निर्णय अंतिम माना जायेगा। इस संबंध में पत्राचार मान्य नहीं होगा। प्रविष्टियाँ छः माह तक ही कार्यालय में संरक्षित रहेगी। इसके पश्चात इस का निष्पादन (disposal) कर दिया जायेगा।

(xi) प्रतियोगिता संबंधी सूचना बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वेबसाईट (www.bsdma.org)/ पंत भवन, पटना स्थित प्राधिकरण कार्यालय तथा सभी जिला समाहरणालय के अन्तर्गत जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में उपलब्ध होगा ।

(xii) प्रविष्टियों को निम्न पते पर स्पीड पोस्ट/ निबंधित डाक/ कोरियर से भेजा जा सकता है **(लिफाफा पर प्रतियोगिता का शीर्षक एवं श्रेणी (Category) स्पष्ट रूप से बड़े अक्षरों में लिखा होना चाहिए)–**

सचिव,
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,
पंत भवन, द्वितीय तल, बेली रोड, पटना–800001
दूरभाष सं0– 0612–2522032

(xii) चयनित प्रतिभागियों का नाम एवं पता प्राधिकरण के वेबसाईट पर यथासंभव दिनांक 15.10.2015 प्रदर्शित कर दिया जायेगा ।

(xiii) प्रविष्टियों के प्राधिकरण कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि एवं समय 17.09.2015 को 5.00 बजे अपराह्न तक ही होगा । इसके पश्चात् प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जायेगा ।

ह0/–
सचिव,
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना